लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष, द्वादशी 5.58 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2079

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 19, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये

बरेली, रविवार, 4 दिसंबर 2022

PAGE NO : 7 MIDDLE

शुभि नरेंद्र शर्मा का यूपी अंडर 19 क्रिकेट टीम में चयन

बरेली। एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी की खिलाड़ी शुभि नरेंद्र शर्मा का यूपी अंडर 19 क्रिकेट टीम में चयन हुआ है। एकेडमी के क्रिकेट कोच मनीष सिंह ने बताया कि शुभी आक्रामक बल्लेबाजी करती हैं और उन्होंने अपनी मेहनत की बदौलत अंडर 19 महिला क्रिकेट टीम में जगह बनाई है। एकेडमी को उम्मीद है कि वह महाराष्ट्र, तमिलनाडु, केरल, जम्मू कश्मीर और बिहार के खिलाफ उत्तर प्रदेश टीम की सदस्य बनेंगी और आक्रामक खेल दिखाएंगी। मनीष ने बताया कि उत्तर प्रदेश टीम 7 दिसंबर को महाराष्ट्र, आठ को तमिलनाडु, 10 को केरल, 12 को जम्मू कश्मीर और 14 दिसंबर को बिहार के खिलाफ पुणे में एक दिवसीय मैच खेलेंगी। शुभि की इस उपलब्धि पर एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक आदित्य मूर्ति, बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना, अध्यक्ष सरफराज वली खां ने बधाई दी।